**सचिव**
**माननीय राज्यपाल, राजस्थान**

सत्यमेव जयते

**राजभवन, जयपुर - 302 006**
**राजस्थान,**
**फोन : +91-141-2228792**
**फैक्स : +91-141-2221156**

क्रमांक : एफ.27(ए)(2)आरबी / 2025/5646
दिनांक : 14 अक्टूबर, 2025

**प्रो. बी.एल. वर्मा,**
**कुलगुरू,**
**वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।**

महोदय,

राजभवन के आदेश क्रमांक 5107–08 दिनांक 29.09.2022 के माध्यम से डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक को कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर का कुलगुरू नियुक्त किया गया था। डॉ. कर्नाटक द्वारा कुलगुरू पद का कार्यभार दिनांक 15.10.2022 को मध्याह्न पश्चात में संभाला गया। अतः इनका तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 15.10.2025 को पूर्ण होने जा रहा है।

महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर में नियमित कुलगुरू की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार खोजबीन समिति के गठन संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।

चूंकि महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर अधिनियम, 2000 (यथा संशोधित) की धारा 24(3) के अन्तर्गत नियमित कुलगुरू की नियुक्ति होने में समय लगने की संभावना है। साथ ही विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 24(9) व (10) के तहत कामचलाऊ व्यवस्था हेतु राज्य सरकार की सलाह प्राप्त होने में भी समय लगने की संभावना है।

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा प्रो. बी.एल. वर्मा, कुलगुरू, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा को महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर में कामचलाऊ व्यवस्था हेतु लगाये जाने का अनुमोदन किया गया है।

अतः मैं, माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार आपको अग्रिम आदेशों अथवा राज्य सरकार से उक्त संबंध में सलाह प्राप्त होने तक कामचलाऊ व्यवस्था अन्तर्गत (Stop-gap arrangement) अतिरिक्त प्रभार के रूप में महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलगुरू के पद के कृत्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित करता हूँ।

भवदीय,

**(डॉ. पृथ्वी)**

क्रमांक : एफ.27(ए)(2)आरबी / 2025 / 5647 दिनांक : 14 अक्टूबर, 2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. शासन सचिव, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, कुलगुरू, महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर।
6. कुलसचिव, महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर।
7. कुलसचिव, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।
8. रक्षित पत्रावली।

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान